## खबर संक्षेप

### पीएम विश्वकर्मा स्कीम पर सेमीनार सह जागरूकता कार्यकम आज

**कटनी**। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत द्वारा जारी आदेश के माध्यम से पी.एम. विश्वकर्मा स्कीम पर सेमीनार सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार 17 जनवरी को दोपहर 12.00 बजे कार्यालय जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पी.एम विश्वकर्मा स्कीम के कियान्वयन के संबंध में जिला स्तर पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने तथा प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता हेतु मध्यप्रदेश के सभी जिलों में 24 जनवरी 2024 के पूर्व सेमीनार सह-जागरूकता कार्यकम का आयोजन किया जाना है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने आयुक्त नगर निगम, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, उपसंचालक कृषि विभाग, उप संचालक एवं सहायक संचालक उद्यनिकी विभाग, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला रोजगार अधिकारी, डी.पी.एम एन.आर.एल.एम, प्राचार्य आई.टी.आई, परियोजना अधिकारी एन.यू.एल.एम सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को उक्त बैठक में उपस्थित रहनें हेतु निर्देशित किया गया है।

### जिले की 24 गौशालाओं में आयोजन आज

**कटनी**। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर जिले की सभी 24 गौशालाओं में गौ पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने बताया कि गौ पूजन का जिला स्तरीय कार्यक्रम विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत घुघरा में आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों सूचित एवं आमंत्रित करते हुए तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

### शिविरों में बकाया संपत्तिकर एवं जलकर कराएं जमा

**कटनी**। मंगलवार को सत्यनारायण मंदिर के सामने वार्ड क्रमांक 13 14 में एवं परौहा मार्केट रोशन नगर में वार्ड कमांक 17 18 में शिविर लगाया गया जिसमें संपत्तिकर की 52 रसीद एवं जलकर की 03 रसीदों के माध्यम से लगभग एक लाख चौतीस हजार की वसूली की गई। 17 जनवरी 2024 को दुर्गा चौक खिरहनी के वार्ड क्रमांक 15 16 17 में एवं घंटाघर चौराहा के वार्ड कमांक 22 एवं 23 में शिविर लगाया जायेगा। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वार्ड में आयोजित वसूली शिविर स्थल में बकाया संपत्तिकर एवं जलकर राशि जमा कर अपना बहुमूल्य समय बचाकर नगर विकास में सहभागी बनें।

## विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के बंजारी-खजुरा मार्ग पर मिली लाश, जांच जारी

# ससुराल गये युवक की जंगल में मिली लाश, परिजनों ने हत्या के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी-खजुरा मार्ग पर स्थित जंगल में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। चरवाहों ने लाश देखी जिसके बाद खबर क्षेत्र भर में फैल गई। लाश ग्राम धनवाही निवासी रमाकांत पटेल पिता कृष्ण कुमार पटेल उम्र लगभग 24 साल की बताई जा रही है।

जानकारी लगते ही थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर द्वारा एसपी अभिजीत कुमार रंजन से दिशा निर्देश प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़यि एवं एसडीओपी केपी सिंह से मार्गदर्श लेने के साथ ही सहायक उपनिरीक्षक जयराम साकेत, आरक्षक पप्पू प्रजापति, अंजनी कुमार आदि टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पंचनामा आदि की कार्रवाई की। पुलिस द्वारा एफएसएल टीम की भी मदद ली गई। युवक की आंख में चोट के निशान पाए जाने से प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। युवक की मोटरसाइकिल घटना स्थल से



लगभग 200 मीटर दूर सड़क के किनारे खड़ी मिली है।

युवक की शिनाख्त होने के बाद परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे और युवक की हत्या करने के आरोप लगाए गए। परिजनों के अनुसार मृतक रमाकांत की ससुराल विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम देवसरी इंदौर में थी। सोमवार को लगभग 10 बजे अपनी बाइक पर सवार होकर विजयराघवगढ़ आया था और उसके बाद मंगलवार की सुबह उसकी लाश जंगल में पाई गई। मृतक के परिजनों ने हत्या कराए जाने के आरोप लगाए हैं।

फिलहाल युवक की हत्या किसने की, इसके पीछे वजह क्या थी यह सारे सवाल अभी तक पहेली बने हुए हैं जिन्हें सुलझाने के प्रयास पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं। आवश्यक कार्रवाई उपरांत पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ भेज दिया है। पुलिस कहना था कि मामले की हकीकत जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### युवक पर किया जानलेवा हमला

कुठला थाना की बस स्टैंड चौकी क्षेत्र के नदीपार में सोमवार रात एक युवक का रास्ता रोककर तीन युवकों ने चाकू और लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया हैं। गंभीर हालत में युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि नदीपार क्षेत्र निवासी शंकर पिता राममिलन सिंह रात में अपने घर वापस जा रहा था, इसी दौरान नदीपार क्षेत्र में तीन युवकों ने उसका रास्ता रोककर मारपीट कर दी। युवकों ने चाकू और लोहे की राड से हमला किया है। जिसके कारण शंकर सिंह को सिर में गंभीर चोट आई है। गंभीर हालत में युवक के परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों पर करें कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**स्थानीय समाधान के दौरान प्रकरणों पर सुनवाई कर कलेक्टर नें दिए निर्देश**

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के अनवरत प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई स्थानीय समाधान कार्यक्रम के दौरान रेंण्डमली तौर पर 100 शिकायतों का चयन किया गया। जिसमें 54 शिकायतें संतुष्टि से बंद, तथा 46 शिकायतें लंबित पाये जाने पर लंबित शिकायतों का अंतिम चयन कर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में समीक्षा की गई।

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा तहसील विजयराघवगढ़ निवासी गुलाम हुसैन की राजस्व विभाग अंतर्गत बंटवारा संबंधी लंबित शिकायत में सुनवाई की जाकर 07 दिवस में नियमानुसार बंटवारा की कार्यवाही कराये जाने के निर्देश तहसीलदार विजयराघवगढ को दिये गये। स्थानीय समाधान के दौरान राजस्व विभाग के एक अन्य प्रकरण में विजयराघवगढ़ निवासी शिवकुमार पाण्डेय के सीमांकन संबंधी लंबित शिकायत आवेदक के जमीन का सीमांकन आज पूर्ण कर दिया गया। जबकि तहसील बरही के आवेदक बद्री प्रसाद के सीमांकन की लंबित शिकायत में कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सुनवाई उपरांत सीमांकन की कार्यवाही 07 दिवस में पूर्ण कराये जाने के निर्देश तहसीलदार बरही को दिये गये।

अनुग्रह सहायता राशि हेतु ईपीओ जारी करने के निर्देश

सथानीय समाधान कार्यक्रम के दौरान विजयराघवगढ़ निवासी मनोज बर्मन के अनुग्रह सहायता राशि न मिलने के आवेदक से सुनवाई उपरांत शीघ्र ईपीओ जारी कर भुगतान कराये जाने के निर्देश श्रमपदाधिकारी कटनी को दिये गये। जिला अस्पताल अंतर्गत पवन की लंबित शिकायत में पोर्टल पर गलत दर्ज की गई जानकारी में सुधार कराये जाने के निर्देश श्रमपदाधिकारी कटनी को दिये गये। वहीं कलेक्टर द्वारा ब्लॉक कटनी अंतर्गत रत्नेश यादव की लंबित शिकायत में सुनवाई उपरांत प्रसूति सहायता राशि का भुगतान न होने के संबंध में शासन को लेख किये जाने के निर्देश सीएमएचओ को दिये गये।

**बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर की गई कार्यवाही**

# लापरवाही बरतने पर तीन बी.एल.ओ को जारी किया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के निरीक्षण के दोरान विधानक्षेत्र क्रमांक 91 बड़वारा की भाग संख्या 74 बी.एल.ओ द्वारा दावे आपत्तियों से संबंधित जानकारी प्रस्तुत नहीं कर पाने एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 1 एवं 2 मझगवां के बी.एल.ओ द्वारा मतदाता सूची वाचन कार्यक्रम से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर निर्वाचन कार्यों के प्रति लापरवाही मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में विधानसभा बड़वारा के भाग संख्या 74 के बी.एल.ओ विनोद सिंह क्षत्रिय द्वारा जानकारी प्रस्तुत न कर पाने के साथ ही मझगवां के मतदान केन्द्र क्रमांक 1 के बी.एल.ओ प्राथमिक शिक्षक रामनरेश रजक एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 2 की बी.एल.ओं आशा कार्यकर्ता सोमा पाण्डेय के अनुपस्थित रहनें पर नोटिस का सकारण जवाब 3 दिवस में प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रमानुसार मतदाता सूची के वाचन एवं हटाये गये नामों का सत्यापन करने के लिए बी.एल.ओ की नियुक्त की गई है तथा सभी बी.एल.ओ को 22 जनवरी 2024 अपने सेक्टर के मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहकर मतदाता सूची के वाचन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला परियोजना समन्वयक को एससीएन जारी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा माध्यमिक शाला एन.के.जे कटनी के मरम्मत कार्य का निरीक्षण कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग से कराये जाने पर प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति के आधार पर मरम्मत कार्य नही कराये जाने के कृत्य को कार्य के प्रति लापरवाही मानते हुए जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र कृष्ण कुमार डेहरिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी आदेश उल्लेख किया गया है कि शासकीय माध्यमिक शाला एन.के.जे. कटनी कार्य हेतु विधायक निधि से राशि रूपये 6 लाख रूपये स्वीकृत उपरांत निर्माण एजेंसी जिला शिक्षा केन्द्र कटनी को बनाया गया था। एन.के.जे. माध्यमिक शाला में विधायक निधि से प्राप्त राशि में मरम्मत कार्य की अंतिम किस्त कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्ति पश्चात राशि 2 लाख 99 हजार 872 रूपये जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा कृष्ण कुमार डेहरिया के उक्त कृत्य को पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता मानते हुए उपरोक्त सबंध में सकारण जवाब 03 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया है।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



श्री राम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा एवं युवा दिवस मकर संक्रांति के अवसर नगर निगम द्वारा सुरम्य पार्क में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष मनीष पाठक के द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए लोगों से अपील की गई। उक्त आयोजन के दौरान एमआईसी सदस्य सुमन राजू मखीजा सुभाष साहू जय नारायण निषाद उपायुक्त पीके अहिरवार कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहायक यंत्री आदेश जैन उपयंत्री मोना करेरा सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही ।

# शहर को स्वच्छ रखने सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा पर नगर पालिक निगम द्वारा नगरीय क्षेत्रों में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर पालिक निगम द्वारा शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।नगर निगम द्वारा 14 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता मिशन को लेकर गत 14 जनवरी से 22 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर शहर के धार्मिक स्थलों जैसे वार्ड क्रमांक 17 स्थित आदिनाथ शिव धाम शनि मंदिर सोमनाथ मंदिर सहित बग्गा बाबा मंदिर में विशेष स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम कटनी ब्रांड एंबेसडर



निशा तिवारी वार्ड पार्षद सीमा श्रीवास्तव एवं वार्ड दरोगा सहित अन्य नागरिकों द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया गया। जिसमें सभी उपस्थित लोगों द्वारा मंदिर परिसर की सफाई की गई साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक भी किया गया एवं अपने आसपास के परिसरों को साफ सुथरा बनाए रखने की अपील की गई एवं उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई व इस अभियान में अपना सहयोग बनाए रखने हेतु आग्रह किया गया।

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगमाध्यक्ष मनीष पाठक निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने आम जनता से अपील की है की है 22 जनवरी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अपने अपने घरों मंदिरों में विशेष साफ सफाई कराये तथा रंग रोशन के साथ विद्युतीय सजावट से रोशन करे। निगम के सफाई अभियान में सहभागी बने।

**बहोरीबंद एवं कुठला थाना क्षेत्र में हुई थी वारदातें, तलाश जारी**

# फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने घोषित किया ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है। थाना बहोरीबंद मे दर्ज प्रकरण धारा 302, 34 भादवि में आरोपी रमेश पिता रामलाल पटेल 50 साल निवासी मझौली रोड बचैया थाना बहोरीबंद घटना कारित करने के पश्चात से फरार हैं। उक्त फरार आरोपी की हरसंभव पत्तासाजी करने के पश्चात भी प्रकरण के आरोपी रमेश पटेल का कोई पता नही चला हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एवं पुलिस रेगुलेशन के पैरा क्रमांक 80-ए मे निहित दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए घोषणा की गई है कि जो कोई व्यक्ति प्रकरण के आरोपी रमेश पटेल के सम्बन्ध मे ऐसी सार्थक सूचना प्रदान करें, जिससे आरोपी की गिरफ़्तारी की जा सके उस व्यक्ति को नगद 10000/- (दस हजार रूपये) के ईनाम से पुरस्कृत किया जावेगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगा। पुरस्कार का अंतिम निर्णय एसपी का होगा।

इसी तरह थाना कुठला मे दर्ज प्रकरण धारा 498ए, 304बी, 34 भादवि, 3/4 द.प्र. अधि. में आरोपी मुकेश साहू पिता रामप्रसाद साहू 25 साल निवासी पुरैनी थाना कुठला घटना कारित करने के पश्चात से फरार हैं। उक्त फरार आरोपी की हरसंभव पत्तासाजी करने के पश्चात भी प्रकरण के आरोपी मुकेश साहू का कोई पता नही चला हैं जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए ईनाम की घोषणा की गई है कि जो कोई व्यक्ति प्रकरण के आरोपी मुकेश साहू के सम्बन्ध मे ऐसी सार्थक सूचना प्रदान करें, जिससे आरोपी की गिरफ़्तारी की जा सके। उस व्यक्ति को नगद 3000/- (तीन हजार रूपये) के ईनाम से पुरस्कृत किया जावेगा, सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगा।

### गिरफ्तारी के हो रहे प्रयास

वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र के शनि मंदिर के पास बेहोशी की हालत में मिले युवक की मौत के मामले में फरार चल दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस टीम उसके संभावित ठिकानों में दबिश दे रही है। लेकिन अब तक उसके संबंध में ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिसके आधार पर उसकी गिरफ्तारी की जा सके। कोतवाली टीआई आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी की तलाश पुलिस टीम लगातार कर रही है। आरोपी के संभावित ठिकानों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाए।

पुलिस ने बताया कि खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी राहुल चौधरी 19 दिसंबर की रात से लापता था, खोजबीन के दौरान 20 दिसंबर को वह बेहोशी की हालत में शनि मंदिर के पास मिला था। उसके शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान थे। युवक को इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया था। इलाज दौरान 28 दिसंबर को उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी एनकेजे निवासी मोनू बर्मन को गिरफ्तार कर लिया है।

## 11 बजे की बजाये 2 बजे से शिविर का हुआ आयोजन

# शिविर का समय बदलने से नहीं पहुंचे लोग, खाली पड़ी रही कुर्सियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत बड़वारा पहुंची। ग्राम बड़वारा के रामलीला मैदान में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कम संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुये।

बड़वारा पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के के पांडे शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना एवं अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एक सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी



प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई। एवं प्रमुख योजनाओं के तहत हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। बड़वारा जनपद सीईओ के निर्देश पर पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ प्रदाय करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

बड़वारा में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिविर का समय 11 बजे सुबह दिन मंगलवार निर्धारित किया गया था जिसके लिए वाकायदा माइक से एक दिन पूर्व ग्राम में सूचना भी दी जा चुकी थी किन्तु मंगलवार को अचानक ही शिविर में विकसित भारत यात्रा का समय बदल दिया गया जिससे जन समुदाय सहित जनप्रतिनिधि भी नाराज नजर आये।

जनपद सदस्य विनय नागवंशी ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय से बड़वारा में आयोजित होने वाले शिविर में कार्यक्रम आयोजित होने का समय दिन में 11 बजे निर्धारित था किंतु मंगलबार को अचानक ही शिविर आयोजित होने का समय बदलकर दिन में 2 बजे से कर दिया जिसके चलते बड़वारा में जनप्रतिनिधियों में उत्साह नही दिखा। और कार्यक्रम से दूरी बनाते दिखे। स्थानीय व क्षेत्रीय जनता भी विकसित भारत यात्रा से दूरी बनाती नजर आई। शिविर में कोई भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि मौजूद नजर नही आये, व कुर्सियां खाली रहीं।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को अपने खेतों में ड्रोन के माध्यम से से दवा के छिड़काव करने के लिए ड्रोन से दवा छिड़काव करने का तरीका बताया गया।

इस दौरान बड़वारा सरपंच श्रीमती सुनैना बाई टेकाम, बड़वारा तहसीलदार मनीष शुक्ला, बड़वारा पटवारी विवेक उरमलिया एवं बड़वारा जनपद , स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग ,कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# छात्रों के बनाये गए लर्निंग लाइसेंस, यातायात नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविंद सिंह के नेतृत्व मे यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी, हेलमेट एवं सीट बेल्ट की अनिवार्यता, सड़क पर लगे संकेतों से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई, कार्यक्रम के अगले चरण में आरटीओ कार्यालय कटनी से आये स्टाफ आर. बी.कोल, अभय यादव, दीपक तिवारी, सचिन, अनुज कुमार, तनोज कुमार द्वारा विद्यार्थियों को लर्निंग लाइसेंस बनाने एवं



आगामी प्रकिया से संबंधित जानकारी दी गई, शिविर में लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु 237 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से लगभग 150 विद्यार्थियों को तत्काल लर्निंग लाइसेंस बनाकर प्रदान किए गए।

कार्यक्रम मे डॉ अरविंद सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है अंत में प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी ने सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. राकेश दुबे, डॉ मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ शिवानी बर्मन, डॉ. के. के. निगम आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### महिला मंडल द्वारा निकाली गई शोभायात्रा

**बरही।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामचंद्र जी के प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में बरही नगर में मंगलवार दोपहर 2 बजे से मातृ शक्ति द्वारा कमानिया गेट बरही से श्री रामलला मंदिर (राम मन्दिर) तक प्रभु श्रीराम एवं माता जानकी जी की झांकी के साथ राम यात्रा निकाली गई। इस यात्री में बड़ी संख्या में महिलओं, पुरूषों की उपस्थिति रही।

### बांणसागर बांध के टापुओं को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने लिखा पत्र

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने विजयराघवगढ़ विकासखण्ड के बरही के समीप बांण सागर बांध के बैक वाटर जल भराव क्षेत्र में स्थित टापुओं को पर्यटन सुविधाओं की दृष्टि से विकसित करने मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक को पत्र लिखा है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने पत्र में उल्लेखित किया है कि बांण सागर डूब क्षेत्र मे यहां के इटौरा स्थित मां चंडिका के ऐतिहासिक मंदिर जो कटनी सहित आसपास के जिलों की जन आस्था का केन्द्र है। उसे पर्यटन केन्द्र के तौर पर संवारकर विकसित करने की पर्याप्त संभावनाएं है। यहां से कुछ ही दूरी पर बांधवगढ़ नेशनल पार्क स्थित है जहां हर साल पर्यटकों का निरंतर आना-जाना बना रहता है। इसलिए यहां जल पर्यटन से संबंधित गतिविधियां शुरू हाने से जिले मे एक नया पर्यटन केन्द्र विकसित होगा और आस-पास के लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढेंगे। इससे क्षेत्र के विकास एवं राजस्व में बढोत्तरी होगी। साथ ही बांधवगढ़ नेशनल पार्क आने वाले पर्यटकों के लिए यह आर्कषण का नया पर्यटन केन्द्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस कलेक्टर श्री प्रसाद ने यहां कोनिया से चंडिन माता मंदिर इटौरा तक बांणसागर बांध में मोटरवोट से यहां की नैसर्गिक प्राकृतिक छटा और यहां पर्यटन की अपार संभावनों का जायजा लिया था।

### ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स पर कार्यशाला हुई

**कटनी।** ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स ओएनडीसी प्लेटफार्म के लाभ और संरचना के बारे में उद्यमियों को जागरूक करने के लिये कार्यशाला हुई। कार्यशाला में लगभग 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुश्री अदिति सिंघा, उपाध्यक्ष, ओएनडीसी ने बताया कि ओएनडीसी नेटवर्क खरीदारों और विक्रेताओं दोनों को सशक्त बना रहा है। प्रतिभागियों ने भी नेटवर्क के प्रति रुचि दिखाई। नेटवर्क खुला और लोकतांत्रिक डिजिटल बाज़ार बनाता है और प्लेटफॉर्म भारतीय ई-कॉमर्स सेक्टर में एक क्रांति ला सकता है। प्लेटफार्म मानक निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और समान अवसर सुनिश्चित करता हैं। नवाचारों को बढ़ावा देने के साथ-साथ एमएसएमई और स्टार्टअप के अलावा स्थानीय व्यवसायों को भी बढ़ावा देते हैं।कार्यशाला में प्रतिभागियों के प्रश्नों का भी समाधान किया गया।

### शिविर में योजनाओ की दी गई विस्तृत जानकारी

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा रही हैं। मंगलवार को संकल्प यात्रा 6 जनपद पंचायतों के 12 ग्राम पंचायतों में आयोजित की गई। इन शिविरों में ग्रामीणजनों के आवेदन लिए गये। साथ ही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम सूतरी बड़वारा, जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम बरतरा एवं सिहूंडी बाकल, जनपद पंचायत ढीमरखेडा के ग्राम देवरी फाटक एवं पिपरिया सहलावन, जनपद पंचायत कटनी के हीरापुर कौडिंया एवं पहाडी, जनपद पंचायत रीठी के सुगवां एवं बांधा तथा जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की ग्राम पंचायत कुटेश्वर एवं हन्तला में आयोजित की गई।

---

### जिले के 970 गांवों में किये जा रहे आयोजन, प्रभात फेरी तो कहीं हो रहा मानस पाठ

# राम भक्ति में लीन हुआ समूचा जिला, गली व मोहल्लों मे गूंज रही रामधुन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जानी है। जिसे लेकर जिले भर सभी 970 गांवों में भव्य आयोजन किये जा रहे है। गली - गली प्रभात फेरी एवं कलश यात्रा निकाली जा रही है तो वहीं मंदिरों में जाप एवं मंत्रों, गायन, कथा वाचन, रामरक्षा स्त्रोत, रामचरित मानस पाठ सहित श्री राम कथा सप्ताह के माध्यम से प्रभु श्रीराम के नाम की गूंज सुनाई दे रही है।

#### रामायण पाठ की धूम

जिले में मंगलवार को ग्राम बरछेका मे बहुप्रतीक्षित अयोध्या धाम में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जानवरी के संबंध में राम भक्तो के सहयोग से कलश यात्रा रामधुन के साथ निकली जाकर आगामी 22 जनवरी को इसे उत्सव के रूप में मानने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत गैतरा के ग्राम भरौली, ग्राम तखला, ग्राम सलैया थूतिया श्री रामधुन, ग्राम पंचायत खरहटा में रामकथा, ग्राम पंचायत कोडो मे राम कीर्तन, ग्राम पंचायत बिचपुरा में रामकथा, बडवारा सेक्टर खितौली, जनपद पंचायत कटनी अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों ग्राम मझगवां ग्राम पंचायत सुगवा, खितौली, देवगांव सेक्टर अंतर्गत ग्राम खम्हरिया सहित जिले के अन्य ग्रामों में रामायण पाठ का वृहद् पैमाने पर आयोजन जारी है।

#### प्रभात फेरी, कलश यात्रा

मप्र जन अभियान परिषद विकासखण्ड कटनी के सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कोडियां अंतर्गत ग्राम सलैया, कटंगी कला, ग्राम बरछेका में रामधुन, विकासखण्ड रीठी के ग्राम मझगवां, खितौली सेक्टर अंतर्गत ग्राम हदरहटा, ग्राम पंचायत घुघरा, ढीमरखेडा के ग्राम इमलिया, देवडोंगरा, बडवारा ऊंटिन ग्राम सहित अन्य ग्रामों मे भगवत कलश यात्रा का भव्य आयोजन हुआ।

---



## जिला न्यायालय परिसर में उप डाकघर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धरमिंदर सिंह राठौड ने मंगलवार को उप डाकघर का शुभारंभ किया। जिला न्यायालय परिसर में उपडाकघर को स्थापित किए जाने के प्रयास वर्ष 2015 से किए जा रहे थे। जिला न्यायायलय परिसर में वर्तमान में संचालित न्यायालयों, जिला अभियोजन कार्यालय, विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालयों में न्यायिक कार्रवाई संपादन में डाकों की तामिली अति आवश्यक होती है, लेकिन पूर्व में उपडाकघर नहीं होने के कारण अनावश्यक रूप से डाकों की तामिली के लिए समय और श्रम व्यय व्यतीत होता था।

वर्तमान परिसर में डाकघर की स्थापना होने से न्यायालयीन कार्रवाई में सुविधा होगी। आसपास के लोग भी उपडाकघर की सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उपडाकरघर के शुभारंभ के अवसर पर विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज, चतुर्थ जिला न्यायाधीश इरशाद अहमद, तृतीय जिला न्यायाधीश केएन अहिरवार, सप्तम जिला न्यायाधीश सिद्धी मिश्रा, जिला न्यायाधीश राजेश भंडारी, जिला रजिस्टार नदीम जावेद खान, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, अधिवक्ता संघ सचिव आरके तिवारी, डाक विभाग के प्रवर अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, उपखंड निरीक्षक एसके साहू आदि मौजूद रहे।

---

### अब आसानी से मिल सकेगा योजनाओं का लाभ

## जिपं सीईओ के निर्देश के बाद विकलांग बच्ची मनीषा का हुआ आधार अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



लंबे समय से अपनी 23 वर्षीय दिव्यांग बच्ची मनीषा चक्रवर्ती का आधार कार्ड बनवाने भटक रहे पिता मूलचंद चक्रवर्ती ने उस समय राहत की सांस मिली, जब मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने मूलचंद चक्रवर्ती की समस्या सुनकर दिव्यांग बच्ची मनीषा का आधार कार्ड अपडेट कराकर जानकारी दी।

कटनी के माधवनगर कुम्हार मोहल्ला निवासी मूलचंद चक्रवर्ती विगत कई दिनों से अपनी दिव्यांग बच्ची मनीषा चक्रवर्ती का आधार बनवाने भटक रहे थे, परन्तु बहु-विकलांग होने के कारण मनीषा के उंगलियों के निशान ही नहीं आ पा रहे थे। जिस कारण कई बार आधार अपडेशन कराने के बाद भी उसका आधार अपडेशन नहीं हो पा रहा था।

इस पर मूलचंद अपनी बच्ची को लेकर मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे और उन्होंने जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत के समक्ष पहुंचकर आवेदन के माध्यम से बेटी मनीषा का आधार अपडेट न होने के कारण शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त होने में आने वाली समस्या से अवगत कराया। जिस पर श्री गेमावत द्वारा संवेदनशीलता के साथ जिला प्रबंधक ई-गवर्नेन्स सौरभ नामदेव को विकलांग मनीषा के आधार अपडेशन की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। ई गवर्नेस अधिकारी सौरभ नामदेव ने बताया कि मनीषा के बहुविकलांग हाने के कारण के कारण उनकी फिंगर प्रिंटस लेने में काफी परेशानी हो रही थी आज टीम के अथक प्रयासों से मनीषा के आधार कार्ड के बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य पूर्ण किया जाकर उनके पिता को पावती दे दी गई है आधार अपडेट हो जाने से मनीषा को शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

आधार अपडेशन हो जाने के बाद मनीषा के पिता मूलचंद चक्रवर्ती ने बताया कि आधार कार्ड अपडेट ना होने की वजह से बच्ची शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हो रही थी। सीईओ ने उप संचालक सामाजिक न्याय को तत्काल पात्रतानुसार पेंशन का लाभ दिलाने कार्यवाही करने व अन्य योजनाओं से लाभान्वित कराने निर्देश दिये।

---

### कार की टक्कर लगने से स्कूटी हुई क्षतिग्रस्त



कुठला थाना के समीप मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार से दौड़ती हुई कार ने एक स्कूटी सवार महिला को सीधे टक्कर मार दी। घटना में महिला को गंभीर चोटे तो नहीं आई, लेकिन उसकी स्कूटी के क्षतिग्रस्त उड़ गए। प्रत्यक्ष दर्शियों ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7 में कुठला थाने के कुछ दूर पर मौजूद नगर निगम के बस स्टॉप के आसपास लोगों ने टपरे रखकर अतिक्रमण कर लिया है। मंगलवार की सुबह लगभग 10 :00 बजे स्कूटी से जा रही एक महिला को जबलपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार क्रमांक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला स्कूटी से उछलकर दूर जा गिरी। महिला को शरीर में कई जगह पर मामूली चोटें आई हैं लेकिन उसकी स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अतिक्रमण को हादसे की वजह बताते हुए स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से इस और ध्यान देने की अपील की है।

---

## डीपीएस में हुआ बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



दिल्ली पब्लिक स्कूल में बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थीयो ने भाग लिया। विधार्थीयों ने पुराने प्लास्टिक, कलर पेपर, अखबार, बोतलों, रंगीन पेपर, ग्लू , कार्डबोर्ड, चमकीले कागजों से सुंदर-सुंदर आकृतिया उकेरी। उन्होंने रंग और पेंट से माहौल को रंगीन कर दिया उनके छोटे - छोटे हाथों ने इतनी सुंदर आकृतियाँ बनाई कि निर्णायक दल निर्णय करने में खुद को असहज कर रहे थे ।

इस प्रतियोगिता में बच्चों में काफी उत्साह था, सभी एक से बढ़कर एक आकृतियां बना रहे थे। किसी ने पेन स्टैंड बनाया, तो किसी ने गुल्लक को किसी ने डस्टबिन बनाया तो, किसी ने वॉल हैंगिंग की सुंदर डिजाइन बनाई।

इस प्रतियोगिता का मकसद बच्चों को समझना, और करके सीखने की विधि की ओर ध्यान आकर्षित करना था।

विद्यालय की प्राचार्या, श्रीमती सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या श्रीमती शबनम अख्तर ने इस प्रतियोगिता का आंकलन करते हुए बच्चों को नैतिक ज्ञान देते हुए उन्हें समझाया की प्रकृति ने हमें अनमोल चीजें दी हैं जिसका पुनः निर्माण कर दैनिक जीवन के उपयोग में ला सकते है।

विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन ने इस प्रतियोगिता की सराहना की और अभिभावकों की भूरी-भूरी प्रसंशा की जिसके सहयोग से ये सब हो पाया।

---

### निगम आयुक्त ने अधिकारियों की बैठक में दिये दिशा निर्देश

## अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर नगरीय क्षेत्र में होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा श्रीराम मंदिर अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगरीय निकायों में विशेष गतिविधियों का आयोजन 22 जनवरी तक किये जाने के निर्देश दिये गये है।

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने 22 जनवरी तक भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में शासन संचालनालय जिला प्रशासन के निर्देशानुसार समस्त गतिविधियों के आयोजन की रूपरेखा पत्र व्यवहार समस्त तैयारियों को पूर्ण कराने हेतु एक सेल गठित की है। गत दिवस रंगोली चित्रकला गायन एवं निबंध प्रतियोगिता निगम के केसीएस उमा शाला साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला एवं ए रविन्द्रराव उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित हुई।

इसी क्रम में नगर निगम कार्यालय के मंदिर में पूजन व प्रसाद का वितरण के साथ साथ सुरम्य पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

मंगलवार को प्रातः 8 बजकर 30 मिनट पर विभिन्न मंदिरों के आसपास एवं प्रमुख मार्ग के रोड डिवाइडरों की सफाई धुलाई करने एवं नगर निगम कार्यालय में जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की जायेगी। 17 जनवरी को प्रातः 8 बजे नगर निगम के परिसर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता रैली जीरो वेस्ट अवधारणा नगर निगम कार्यालय से प्रारंभ होगी।

18 जनवरी को दोपहर 11 बजकर 30 मिनट व्हीआईपी रोड स्थित रेस्ट हाउस की दीवार अथवा पुलिस कोतवाली की दीवार पर श्रीराम जानकी जी से संबंधित चित्र शिल्प लघु झांकी का आयोजन के साथ नगर निगम कटनी में दोपहर 12 बजे रहवासी संघों की बैठक एवं सायंकाल 4 बजे कालोनाइजर बिल्डर्स की बैठक आयोजित होगी।

19 जनवरी को दोपहर 3 बजे नगर निगम कार्यालय एवं सभी श्रीराम जानकी मंदिर में सुंदर काण्ड पाठ हनुमान चालीसा रामायण भजन संध्या के साथ-साथ सायं 5 बजकर 30 मिनट पर साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला में दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित होगा।

20 जनवरी को दोपहर 3 बजे से श्री राम जानकी जी की शोभायात्रा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर कमानिया गेट से प्रारंभ होकर सुभाष चौक झंडा बाजार आजाद चौक से गाटरघाट में श्री राम मंदिर में शोभायात्रा का समापन होगा।

21 जनवरी को दोपहर 3 बजे सुरम्य पार्क में जनसंगठनों के सहयोग से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा नृत्य-नाटिका का आयोजन किया जावेगा। 22 जनवरी को सायंकाल 5 बजे कटायेघाट नदी में दीपदान एवं मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम किया जावेगा।

निगमायुक्त ने शासन के निर्देशानुसार 14 जनवरी से 22 जनवरी तक श्रीराम मंदिर अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर सभी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं संबंधी आदेश जारी कर सभी विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को सौंपी गई सभी व्यवस्थाऐं प्राथमिकता के आधार पर समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये है।

---

### जनसुनवाई में 117 आवेदकों ने अधिकारियों को बताई अपनी समस्याएं

## सोसायटी में बोरी सिलने वाले को नहीं मिल रहा मेहनताना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा ने आवेदकों के आवेदनों पर सुनवाई की और संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 117 आवेदकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन दिए।

जनसुनवाई में झडिलाल महतो द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि वह उबरा सोसायटी में बोरी सिलाई का कार्य करता था जिसका मेहनताना लगभग 1 लाख 60 हजार रूपये प्रदाय नहीं किये जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर ए.आर.सी.एस को प्रकरण पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

ईश्वरीपुरा वार्ड निवासी शीला रजक पति स्व किशोर रजक द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व मे उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अमीरगंज पड़रवारा में भवन आवंटित हुआ था किंतु कार्यस्थल की दूरी की वजह से वह अब इन्द्रानगर में भवन का आबंटन प्रदाय किये जाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर नगर निगम के सहायक यंत्री सुनील सिंह को आवेदन पर नियमानुसार उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

किरण गुप्ता दिनेश रजक एवं अन्य आवेदनकर्ता हाउसिंग बोर्ड ई डब्ल्यू एस द्वारा आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया कि उनके भवन में नये विद्युत मीटर लगने तथा तीन-तीन माह रीडिंग नही होनें एवं इक्ठठा बिल बिल आने के कारण क्षेत्र के लोग परेशान होने संबंधी समस्या पर सुनवाई की जाकर मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एस.ई.को आवेदन पर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में अपनी बहुविकलांग 23 वर्षीय बेटी मनीषा को लेकर पहुंचे माधवनगर कुम्हार मोहल्ला निवासी मूलचंद चक्रवर्ती ने बताया कि बेटी के बहुविकलांग होने के कारण उसके आधार अपडेशन में काफी परेशानियों का समना करना पड रहा है तथा मनीषा को शासकीय योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा रहा है जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ई-गवर्नेंस विभाग के माध्यम से मनीषा के आधार अपडेशन की कार्यवाही पूर्ण कराई जाकर पिता मूलचंद को पावती प्रदान की गई।

जनसुनवाई में पिपरौंध निवासी विजय श्रीवास द्वारा कन्या विवाह हेतु सहायता राशि प्रदान किये जाने, ग्राम तेवरी निवासी आकांक्षा दुबे द्वारा संबल योजना के अंतर्गत प्रसव सहायता राशि का लाभ प्रदान करने, ग्राम बांसन निवासी भागवती पिता दुजिया द्वारा खेती हेतु कब्जे की जमीन का पट्टा प्रदान करने विषयक, ग्राम देवसरी इंदौर निवासी रामकली बाई चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री अवास योजना की द्वितीय किस्त प्रदान करनें सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई की जाकर विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान नेहा जैन नजूल तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, जिला श्रम अधिकारी के.बी.मिश्रा, नगर निगम उपयंत्री सुधीर मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

---



## जिला पंचायत कार्यालय में चला विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन की मंशा के अनुसार जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर जिला पंचायत कार्यालय परिसर में विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों द्वारा झाड़ू लगाकर साफ सफाई कर स्वच्छता की गई। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तारतम्य में विभिन्न आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

तदनुसार शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी तक सप्ताह भर विशेष सफाई अभियान के आयोजन किए जाने हैं। जिला पंचायत कार्यालय में विशेष सफाई अभियान के दौरान कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी रही। सीईओ श्री गेमावत ने स्वच्छता अभियान के दौरान और आगे भी कार्यालय को स्वच्छ बनाए रखने की अपील करते हुए अधिकारी कर्मचारियों की सराहना की गई।

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस की तैयारी बैठक आज

**पन्ना।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह की अध्यक्षता में आगामी गणतंत्र दिवस की रूपरेखा एवं कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बुधवार, 17 जनवरी को बैठक होगी। कलेक्टर कार्यालय के सभागार में शाम 5 बजे से आयोजित बैठक में सर्वसंबंधित अधिकारियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक 18 जनवरी को

**पन्ना।** जिला गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक गुरूवार, 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। समिति के सचिव डॉ. डी.पी. तिवारी ने सभी संबंधितजनों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए त्रिपाठी

**दमोह।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष पवन खरे ने शरद त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष विकासखंड पटेरा एवं पुष्पेंद्र सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष विकासखंड जबेरा को मनोनीत किया।

### बेलाताल टापू साईं बाबा मंदिर में आयोजित हुई श्रीमद भागवत कथा

# गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर के बेलाताल टापू साईं बाबा मंदिर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को आचार्य कमलेश्वर आनंद द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दीदृ'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं।महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है गोवर्धन पूजा पर 56 भोग लगाएं गए। कथा में राधे कृष्ण के भजन पर भक्तों ने खूब आनंद उठाया। कथा के यजमान पं सुदामा दुबे, महेश दुबे नायब तहसीलदार, डॉ अविनाश, डॉ अखिलेश ,आकाश दुबे परिवार ने सभी से कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

## सीट बेल्ट एवं हेलमेट की हिदायत दे रहे थाना प्रभारी



**नोहटा।** सड़क हादसों को रोकने के लिए लगातार वाहन चेकिंग की जा रही हैं जिसमें थाना प्रभारी नोट के द्वारा स्वयं जाकर वाहनों को चैक करके चालकों को सीट बेल्ट एवं हेलमेट की सलाह देकर परिवहन के नियम भी समझ रहे हैं। मंगलवार सुबह थाना प्रभारी नोहटा अरविंद सिंह ने अपने पुलिस टीम के साथ अभाना के समीप गोंची पुल के पास वाहन की। चेकिंग कार्यवाही के दौरान टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर की 28 चालान काटे गए। जिसमें करीब 9600 रूपये की वसूली की गई। एवं थाना प्रभारी के द्वारा समस्त दस्तावेज एवं हेलमेट लगाकर वाहन चलाने वालों के लिए गुलाब का फूल लेकर सम्मानित कर रहे हैं। इस अवसर पर एएसआई अलजार सिंह, कुलदीप सोनी, सैनिक राजू सहित और पुलिसकर्मी मौजूद

## चाय के पैसे मांगने पर दुकानदार से की मारपीट

**हटा।** नगर में मंदिर मस्जिद चौराहे पर एक चाय दुकानदार द्वारा ग्राहक से चाय के पैसे मांगने पर उसके द्वारा गाली गलौज कर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है जहां पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाने के समीप मंदिर मस्जिद चौराहे पर संचालित चाय की दुकान एक ग्राहक द्वारा चाय पीने के उपरांत दुकानदार द्वारा पैसे मांगने पर दुकानदार नीलेश पिता हरगोविंद पटेरिया को मारपीट कर दी जिससे उसका मुंह लहू लुहान होकर दांत टूट गया घटना उपरांत तुरंत ही पीड़ित नीलेश द्वारा हटा पुलिस थाना में शिकायत की गई जहां हटा पुलिस ने आरोपी नीलेश यादव निवासी नावघाट की समीप शास्त्री वार्ड हटा के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया वही पीड़ित की एमएलसी हटा सिविल अस्पताल में पुलिस द्वारा कराई गई जहां दांतों में गंभीर चोटें आने पर उसे जिला चिकित्सालय इलाज हेतु भेजा गया।

## गौरीशंकर मंदिर में होगे विविध आयोजन

**हटा।** भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जहां पूरे देश में दीवाली जैसा महोत्सव मनाया जाएगा वही भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन हर मंदिर में विविध प्रकार से धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा इसी कड़ी में उपकाशी नगरी में विराजमान दूल्हा वेशधारी भगवान गौरीशंकर के मंदिर में आगामी 22 जनवरी को विविध आयोजन संपन्न कराए जाएगें।पं.रामसुजान पाठक द्वारा बताया गया कि सुबह 8बजे से 10बजे तक रूद्र अभिषेक दोपहर 12बजे से राम लक्ष्मण जानकी हनुमान पूजन दोपहर 1बजे से सुंदरकांड व प्रसाद वितरण सांयकाल 5.30बजे से दीप प्रज्वलन 7.30 बजे से महाआरती संपन्न होगी जिसमें इस धार्मिक आयोजन में लोग अपनी उपस्थिति देकर धर्मलाभ उठाएं।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

### आजाद क्लब विजेता और नोहलेश्वर क्लब उप विजेता



**नोहटा।** नेहरू युवा केंद्र जिला दमोह युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश एवं जिला युवा अधिकारी सुधीर सिंह और लेखपाल तेज खान के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विकासखंड जबेरा रूबी राय द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गवर्मेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राउंड ग्राम नोहटा मां किया गया। प्रतियोगिता में टीम आजाद क्लब विजेता और टीम नोहलेश्वर क्लब उपविजेता रही जिन्हें नेहरू युवा केंद्र द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजन में विद्यालय प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मी सूर्यवंशी, टीचर प्रियंका राजपूत, विजय असाटी, गोविंद राय, मदन विश्वकर्मा, धीरज अहिरवार और दीक्षा यादव, उत्तम सिंह सहित अनेक जनों की उपस्तिथि रही।

## निर्माण परिवार द्वारा किया गया स्वेटर का वितरण



**दमोह।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया में कक्षा पहली से 12 वीं तक के गरीब एवं पिछड़े वर्ग के 100 छात्र, छात्राओं को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर का वितरण निर्माण परिवार के आशीष असाटी (डब्बू भैया) एवं श्रीमती प्रदीप्ती असाटी के सौजन्य किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शाला प्रांगण में समस्त बच्चों एवं शालेय परिवार की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के पूजन अर्चन के साथ की गई। उसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत शाला परिवार के शिक्षकों द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में शाला के भूतपूर्व एवं सेवा निवृत्त प्राचार्य राजेंद्र पटेल, ग्राम के उप सरपंच भूरा पटेल एवं शाला की प्राचार्य श्रीमती शोभा दीवान मेडम के साथ आयोजक निमार्ण परिवार के साथ शाला परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही। शाला परिवार की ओर से इस सराहनीय कार्य के लिए प्राचार्य मैडम श्रीमती शोभा दीवान द्वारा निर्माण परिवार का बहुत-बहुत स्वागत वंदन अभिनंदन एवं आभार प्रकट किया गया। जो कि उन्होंने इन गरीब बच्चों के लिए स्वेटर प्रदान कर इस भीषण ठंड से बचाव के लिए यह कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जयकुमार जैन द्वारा किया गया।

## सीएम राइज विद्यालय दमोह में वार्षिक उत्सव संपन्न



**दमोह।** शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले सीएम राइज उ.मा.विद्यालय दमोह में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आर.पी. कुर्मी द्वारा की गई। कार्यक्रम की मुख्य थीम भारत दर्शन के आधार पर विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति का प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ,शिक्षकों, अधिकारियों द्वारा भी विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की संभाग व राज्य स्तरीय उपलब्धियो हेतु विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र व पुरस्कारों से प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बिहू आदि लोक नृत्य की प्रस्तुति बाल लोक मंचन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सोशल मीडिया के प्रभावों का मंचन शानदार रहा। इस दौरान एन के नायक पूर्व प्राचार्य, एन. एस. ठाकुर सहायक संचालक, बड़ी संख्या में अभिभावक पालक, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही। विद्यार्थियों द्वारा लोक कला संस्कृति व शिक्षण विषयों पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी कार्यक्रम का संचालन प्रशांत कुमार जैन वरिष्ठ शिक्षक एवं डॉ. रचना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की तैयारियों में सिंधु राजपूत, रूपा तिवारी, प्रतिभा चौरसिया, लीना पटवा, रेखा तिवारी, पूर्णिमा साहू, ज्योति खरे, मिथिलेश पटेल, शिवानी पांडे, आरती दुबे, शशि ठाकुर मुग्धा उपाध्याय का सक्रिय सहयोग रहा।

## ज्ञानोदय विद्या मंदिर में हुआ योग कार्यक्रम

**दमोह।** स्वामी विवेकानंद के अनमोल विचार हमेशा से युवाओं को जीवन में बेहतर करने और देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द के जन्मोत्सव और राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन उनके अनमोल विचारों को याद करने और उनसे प्रेरणा लेने का भी अवसर है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुएडी. ए. वी. ज्ञानोदय विद्या मंदिर स्कूल नरसिंहगढ़ में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यालय के लगभग 800 विद्यार्थियों ने शारीरिक शिक्षक राजुल देव गौतम एवं मोहित पांडेय के मार्गदर्शन पर सूर्य नमस्कार सहित अन्य योग क्रियाओं का प्रदर्शन किया। हाइडलवर्ग कंपनी इकाई प्रमुख सुनील कुमार ने विद्यालय के विद्यार्थियों के योग प्रदर्शन की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मवंशी जी ने कहा कि योग करने से हमारे शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। विद्यार्थी जीवन में शारीरिक विकास के लिए, स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए, मन की एकाग्रता के लिए योग आवश्य कहै। आप भी अपने दैनिक जीवन में इसे अपना कर इससे होने वाले लाभ को महसूस करें एवं निरोगी रहें।

## राजा किशोर सिंह की मूर्ति हेतु सौंपा ज्ञापन



**दमोह।** 1857 क्रांति के महानायक, अंग्रेजों से लोहा मनवाने वाले, दमोह को 6 महीने तक आजाद रखने वाले, अमर योद्धा, शेर-ए-बुंदेलखंड, क्रांतिकारी अमर शहीद, हिंडोरिया रियासत के राजा किशोर सिंह जी की मूर्ति दमोह शहर में रखवाने हेतु अटल सेना के सदस्यों ने मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन स्वतंत्र मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के अध्यक्ष कवि चन्द्रभान सिंह लोधी ने बताया कि राजा किशोर सिंह ने 1857 क्रांति की लड़ाई के नेतृत्वकर्ता रहे हैं। जब भारत ईष्ट इंडिया कम्पनी से भारत गुलाम हो चुका था तब भी 6 महीने बाद तक दमोह आजाद रहा। राजा किशोर सिंह दमोह की हिंडोरिया रियासत के राजा थे। वह हमारे बुंदेलखंड की शान हैं इसलिए हम सभी चाहते हैं कि ऐसे वीर अमर शहीद की मूर्ति दमोह शहर में स्थापित की जाए। बता दें कि प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने 2007-08 में एक जनसभा में घोषणा की थी कि दमोह में राजा किशोर सिंह की मूर्ति रखवायेंगे। लेकिन इतने सालों से सरकार में रहकर भी अभी तक मूर्ति नहीं रखी ये बड़े ही दुख की बात है। आज मंत्री जी को ज्ञापन सौंपा है और उन्होंने भी आश्वसन दिया है कि जल्द ही राजा किशोर सिंह की मूर्ति रखवाने का प्रयास करेंगे। इस दौरान अटल सेना से अमर सिंह, गोविंद सिंह, भरत सिंह , सुरेंद्र सिं, इमरोज खान, राव विक्रम सिंह, राहुल सिंह एवं दमोह लोधी क्षत्रिय समाज के सदस्य मौजूद रहे।

## टपका मेला में शामिल हुये राज्यमंत्री श्री लोधी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

प्राचीन मेला श्री सिद्ध बाबा मकर संक्रांति मेला महोत्सव कार्यक्रम राजा प्रताप सिंह जूदेव की स्मृति में संपन्न किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी सम्मिलित हुए यह कार्यक्रम गुलाब सिंह राजा साहब जी सानिध्य में आयोजन करवाया जाता है। मेला प्रबंधक समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यह क्षेत्र सभी क्षेत्रवासियों का आस्था का केंद्र है एवं यहां पर शादी विवाह पिकनिक अन्य कार्यक्रम आयोजन किए जाते हैं इसलिए इस क्षेत्र का अति महत्व है। यहां पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है शासन प्रशासन द्वारा इन समस्याओं को ध्यान देना चाहिए । सड़क और सामुदायिक भवन और पेयजल की व्यवस्था की जाना चाहिए। यह बात उन्होंने धर्मेंद्र सिंह लोधी जी के समक्ष रखी जिसमें मंत्री जी ने कहा कि सिद्ध बाबा अति प्राचीन क्षेत्र यहां का प्राचीन काल से ही महत्व रहा है। इस क्षेत्र के विकास के लिए में पूरा प्रयास करूंगा। माननीय मंत्री जी ने अपने अभिभाषण में सामुदायिक भवन निर्माण करने की घोषणा की एवं आश्वासन दिया कि हम रोड को बहुत जल्द ही बनवाने का प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में सम्मिलित धर्मेंद्र सिंह लोधी ,( संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय )पूर्व सांसद माननीय चंद्रभान सिंह लोधी जिला पंचायत सदस्य बबीता सिंह जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश दादा श्रीकांत पोर्ते , की जयस गोंड समाज महासभा के सभी पदाधिगण एवं क्षेत्र के सभी क्षेत्रवासी सम्मिलित हुई है।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**दमोह।** अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का श्री राम भक्तों को बेसब्री से इंतजार है। जहां अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज से



अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। वहीं गांव गांव भगवान श्री राम की भक्ति में विविध धार्मिक आयोजन का क्रम शुरू हो गया है। जिसके पुष्पेंद्र शर्मा जी के निवास पर 108 हनुमान चालीसा एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुरु होने से पहले भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद कथावाचक ऋषिकांत गर्ग ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ शुरू किया। उनके साथ बटुक महाराज बंटू रैकवार सहित उनकी पूरी टीम ने उन्होंने हनुमान चालीसा से सुंदरकांड की शुरुआत की। हनुमान भक्तों का आह्वान करते हुए गर्ग जी ने कहा कि मोह व अभिमान को त्यागकर प्रभु का भजन करें। श्रीराम भक्त हनुमान की महिमा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि हनुमान ने माता सीता की खोज करते हुए लंका के द्वार पर पहरा दे रही है। सुरसा नामक लंकिनी के समक्ष बल व बुद्धि का परिचय दिया और उसके साथ लंका द्वार पर पहला सत्संग किया था। हनुमान जी ने लंकिनी के साथ सत्संग करते हुए उसे पांच शिक्षाएं दी थीं, जिन पर चल कर हम भी अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। स्वभाव का भी जीवन में बड़ा प्रभाव पड़ता है। अपने स्वभाव के कारण मंथरा अयोध्या में रहकर भी सुधर नहीं पाई थी और विभीषण लंका में भी बिगड़ नहीं पाए। जिस कारण उसे भगवान श्रीराम का सान्निध्य प्राप्त हुआ। संगीतमय सुंदरकांड में पूरे समय भक्त ताली बजाकर पाठ को दुहराते रहे।

## महिला सशक्तिकरण सप्ताह अंतर्गत संवाद कार्यक्रम आयोजित



**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल के दिशा निर्देशों के तहत जिला कार्यक्रम अधिकारी संजीव कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेडमेप संस्था के प्रशिक्षणार्थियों बालिकाओं एवं जिला सशक्तिकरण कार्यालय में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को महिला एवं किशोर सशक्तिकरण लैंगिक भेदभाव, बाल विवाह एवं बालकों के विरुद्ध लैंगिक हिंसा अधिनियम 2012 पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर प्रभारी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ दमोह श्रेयस रावत द्वारा प्रतिभागियों से किशोर एवं महिला सशक्तिकरण के बारे में चर्चा करते हुए कहा किशोरावस्था हमारे जीवन चक्र की सबसे महत्पूर्ण अवस्था होती है, किशोर का मतलब किस ओर अर्थात जीवन का निर्धारण करने वाली अवस्था होती है, यदि इस उम्र में सही तरीके से मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त होता है, तो निश्चित ही किशोरी बालिकाएं सशक्त महिला के रूप में देखी जा सकती हैं। जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन द्वारा प्रतिभागियों से बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट-12 एवं महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ होने वाले भेदभाव पर चर्चा करते हुये कहा बाल विवाह लड़कियों के सशक्तिकरण को कैसे रोक देती है, आज भी कम उम्र में शादी होने व गर्भधारण से बालिकाओं पर विपरीत प्रभाव पढ़ता है, वह न केवल शारीरिक रूप से बल्कि सामाजिक,आर्थिक रूप से भी पिछड़ जाती है। आज आप सभी का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर या मेसेंजर के रूप में किया गया।

## हत्या के बाद पहचान छिपाने के लिए चेहरे को जला दिया गया, पहाड़ी पर मिला शव

# अधजली लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नोहटा



जबलपुर रोड पर अभाना की टेक के पास सिद्ध बाबा पहाड़ी पर मंगलवार दोपहर अज्ञात युवक की अधजली लाश मिलने से सनसनी के हालात बने हुए हैं। जानकारी लगने पर नोहटा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। दमोह जिले के नोहटा थाना अंतर्गत अभाना की टेक के समीप सिद्ध बाबा पहाड़ी नामक स्थान पर मंगलवार दोपहर पहुंचे लोगों को एक अज्ञात युवक की चेहरा जली लाश नजर आई। जिससे लोग दहशत में आ गए। चेहरा जल जाने की वजह से युवक की पहचान नहीं हो सकी है वही प्रथम दृष्टिया मामला हत्या करने के बाद मृतक की पहचान छिपाने के लिए चेहरे को जलाने का नजर रहा है। चेहरे के साथ-साथ युवक का सीने का ऊपरी हिस्सा भी आंख से झुलस गया नजर आ रहा है। युवक का पेंट आधा उतरा हुआ है वही गले में डालने का मफलर तथा दोनों जूते अभी अलग-अलग स्थान पर पड़े हुए हैं। यहीं पर जय गुरुदेव दवाखाना लखन राजोरिया पाटन जिला जबलपुर का एक विजिटिंग कार्ड भी पहाड़ी पर पास में पड़ा मिला है। विजिटिंग कार्ड से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जय गुरुदेव दवा खाना पाटन में शायद युवक का इलाज आदि चल रहा होगा। वहीं इसके जरिए उसकी पहचान होने की उम्मीद भी जताई जा रही है। यह अज्ञात युवक यहां पर कब और कैसे किसके साथ पहुंचा या फिलहाल पुलिस जांच का विषय है। लेकिन घटनास्थल के हालत यह बताने के लिए काफी है कि साथ में आए लोगों ने ही वारदात को अंजाम दिया होगा और फिर वह भाग गए होंगे। फिलहाल नोहटा थाना पुलिस घटनास्थल की बारी की से जांच में जुटी हुई है जिला मुख्यालय से एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है। फिलहाल पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती मृतक की पहचान तथा आरोपियों का पता लगाना कही जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### बलराम पटेल बने विधायक प्रतिनिधि

**पटेरा।** हटा विधायक उमा देवी खटीक ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पटेरा विकासखण्ड में सभी विभागों के लिये नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष प्रतनिधि बलराम पटेल को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है जो उनकी अनुपस्थिति में बैठकों में शामिल होंगे। इसका पत्र विधायक महोदय ने कलेक्टर को प्रेषित किया है। कलेक्टर के माध्यम से विख के सभी प्रमुखों को जारी कर दिया गया है। श्री पटेल के उक्त मनोनयन पर उनके साथियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### जबेरा विस क्षेत्र में 19 से 21 जनवरी तक होगे कार्यक्रम

**दमोह।** अयोध्या में श्रीराम लला की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर जिले में बड़ा उत्साह देखने मिल रहा है, जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गरिमापूर्ण रूप से मनाये जाने के संबंध में कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिशा निर्देश दिये गये है। इसी के तहत जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर एसडीएम ब्रजेश सिंह एवं उनकी टीम द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे हैं। इसी उद्देश्य के तहत एसडीएम ब्रजेश सिंह ने बताया 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, इसी उद्देश्य से जबेरा विधानसभा क्षेत्र में 19 से लेकर 21 जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम क्षेत्र में तीन जगह नोहटा, सिंग्रामपुर और तेंदूखेड़ा में आयोजित किये जा रहे है। पूरी टीम के साथ इनका निरीक्षण कर लिया है। मुख्यमंत्री और कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार हम सभी मिलकर बहुत अच्छे से कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे।

### पंकज जैन बने पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष

**दमोह।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष पवन खरे ने पंकज जैन को विकास खंड पटेरा का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया। श्री पंकज जैन को प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ बिकास खंड पटेरा का ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर श्री आरिफ अंजुम, कैलाश असाटी, मोहन ठाकुर, मुकेश श्रीवास्तव, विजय सिंह लोधी, शरद त्रिपाठी, पुष्पेंद्र राजपूत, नरेंद्र नामदेव, संजय गांगरा, शिवराम कुर्मी, मुलायम सिंह राजपूत, परसोत्तम पटेल, अमित जैन, अरविंद पटेल, श्याम नारायण विश्वकर्मा, अनिल, बृजेश, बृजेंद्र, निर्मल, विवेक, देवेंद्र आदि सभी शिक्षक साथियों ने बधाई दीं।

## उपकाशी का लाल अयोध्या में देगा संतूर वादन की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

बुंदेलखंड की उपकाशी नगरी हटा हमेशा से ही प्रतिभाओं की धनी रही है यहां की माटी में जन्मी प्रतिभाओं ने समूचे प्रदेश के साथ देश विदेश में अपना नाम रोशन किया ऐसी ही एक उपकाशी में जन्मी संगीत प्रतिभा जो 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संतूर वादन की प्रस्तुति देगा। दरअसल उपकाशी की माटी में जन्मे पले बढ़े और भोपाल में रहकर अपने पिता के सानिध्य में संगीत के शिखर तक पहुंचे सतेन्द्र सिंह सोलंकी जो संतूर वादन में दूरदर्शन एवं आकाशवाणी में ए श्रेणी के कलाकार है उन्हें आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पहले मंगल ध्वनि कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिला है जिसमें प्रदेश का नाम तो गौरांवित है ही साथ ही उपकाशी हटा के लिए भी गौरव की बात है जहां उनके पिता अजय सिंह सोलंकी जिला शिक्षा प्रशिक्षण केन्द्र डाइट हटा में बर्ष 2003 तक संगीत शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे और उसके बाद उनका स्थानांतरण भोपाल हो गया और अब सेवानिवृत्त भी हो गये। सत्येंद्र सोलंकी नगर की संगीतज्ञ जैसा सोलंकी व वीरू सोलंकी के भतीजे हैं जो अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आयोजित होने वाले मंगल ध्वनि कार्यक्रम में संतूर वादन की प्रस्तुति देगें।प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुर्हुत के पहले सुबह 10 बजे से 2 घंटे के लिए मंगल ध्वनि का आयोजन किया जाएगा इस अवसर पर श्रीराम लला के समक्ष भारत के विभिन्न अंचलों और राज्यो से शामिल होने वाले कलाकार अपने पारम्परिक वाद्यों के वादन की प्रस्तुति देगें।सतेन्द्र संगीत की शिक्षा अपने पिता अजय सिंह सोलंकी संगीतकार पं.ओमप्रकाष चौरसिया और गुंदेचा बंधुओ के सानिध्य में ले रहे है।अयोध्या में प्रस्तुति देने का अवसर मिलने पर हटा नगर में उनके परिजन संगीत शिक्षक जयसिंह सोलंकी व वीरू सोलंकी सहित उनके शुभचिंतकों में खुशी व्याप्त है।

## पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) भोपाल (मध्यप्रदेश) के निर्देशानुसार पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं एवं जनमानस में पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के लिए जनजागरूकता गतिविधि के अंतर्गत ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के ईको क्लब द्वारा वेटलैंड (नम भूमि) अभियान के तहत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.पी.अहिरवार एवं ईको क्लब प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत के दिशा निर्देश पर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न पेंटिंगों के माध्यम से वेटलैंड डे (नम भूमि) अभियान को सफल बनाया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में सृष्टि गुप्ता एम.ए. प्रथम सेम. अंग्रेजी ने प्रथम स्थान, रितु पौरिया एम.एस.सी. प्रथम सेम. वनस्पति शास्त्र ने द्वितीय स्थान एवं अर्चना आदिवासी एम.ए. समाज शास्त्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर में डॉ. अनिता नायक, डॉ. एन.आर.सुमन, डॉ. एन.पद्मा कुमार, डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी, डॉ. ऋषिभा दिक्षित, श्रीमती सरिता सोनी, डॉ. इरफ़ान खान, माधव सिंह राजपूत एवं प्रहलाद ठाकुर सहित अन्य विद्यार्थी भी उपस्थित रहे हैं।

## 50 लाख का स्टेडियम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा



**तेन्दूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 के भटरिया मोहल्ला में करीब 12 साल पहले तकरीबन 50 लाख रुपए की लागत से एक स्टेडियम खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से बनवाया गया था, लेकिन उसे बनाने में गड़बड़ी कर दी गई। शासकीय राशि में धांधली करने के लिए घटिया और आधा-अधूरा निर्माण कर जिम्मेदारों ने अपने कर्तव्य से इतिश्री कर ली। नतीजा आज तक खिलाड़ियों को स्टेडियम का लाभ नहीं मिला है और न ही वहां पर कोई खेल गतिविधि आयोजित हो पाई है। अब खेल प्रेमी जंगल की जमीन को खेल मैदान बनाकर विभिन्न खेलों का अभ्यास करने मजबूर है स्थानीय खिलाड़ियों का कहना है कि शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी से सरकार की लाखों रुपए की राशि फिजूल में चली गई। स्टेडियम के घटिया निर्माण शिकायते तेंदूखेड़ा नगर प्रशासन से लेकर कलेक्टर और शासन में बैठे वरिष्ठ अधिकारियों तक की गई। नेता, मंत्रियों को भ्रष्टाचार से अवगत कराते हुए जांच की मांग की गई, यहां तक ये मुद्दा विधानसभा में उठाया गया, पर न जांच हुई और न ही स्टेडियम फिर से व्यवस्थित बन सका। अब तो शिकायते करना भी बंद कर दी गई है, क्योंकि दोषियों पर उचित कार्रवाई न होना शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों की मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। यह स्टेडियम खनन माफियाओं के लिए फायदेमंद साबित हो गया है। क्योंकि इस स्टेडियम में चारों ओर माफियाओं द्वारा अवैण खनन कर मुरम निकाली जा रही है और उसे धड़ल्ले से नगर सहित आसपास के गांवों में बेचा जा रहा है। मुरम निकलने से खाईनुमा गड्ढे हो गए है। उधर स्टेडियम के चारों ओर लोगों ने अस्थाई रास्ता बना लिया है और ट्रैक्टर ट्राली सहित अन्य वाहन भी गुजर रहे हैं। इस स्टेडियम में चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाने का प्रावधान था, पर ठेकेदार आधी-अधूरी बनाई। इसके बाद भी संबंधित उपयंत्री ने पूरी राशि का भुगतान ठेकेदार को कर दिया था। वहीं खेल विभाग के अधिकारियों ने बिना देखे ही अधूरे बने इस स्टेडियम को हैंडओवर कर लिया था। वर्ष 2011 में पूर्व मुख्यमंत्री तेंदूखेड़ा आए थे, तो तत्कालीन नगर परिषद अध्यक्ष एवं नगरवासियों ने खेल मैदान की मांग की थी। जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री ने स्टेडियम बनाने के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की थी। राशि स्वीकृत होने के बाद लोक निर्माण विभाग की पीआईयू एजेंसी के द्वारा वार्ड क्रमांक 9 भटरिया मोहल्ला में खेल मैदान का निर्माण कार्य कराया था, पर आधा-अधूरा। मैदान का समतलीकरण नहीं किया और उबड़- खाबड़ बना दिया था। चारों ओर पत्थर लगे हुए हैं। कई जगह गड्ढे है। एक कार्यालय बनाया, पर वह भी गिरने की कगार पर आ गया है। उसके दरवाजे उखाड़कर ले गए, बिजली फिटिंग नहीं है, खिड़किया टूट गई है। अंदर गंदगी फैली हुई है। पूरा मैदान बदहाल हालत में है।

खिलाड़ी शाहिद खान, देवेंद्र सोनी, शिवा रजक, सुशील सोनी, सुदीप त्रिपाठी, रोहित यादव, अमन यादव, गुड्डन सोनी ने बताया कि सुविधायुक्त खेल मैदान के अभाव में नगर की खेल प्रतिभाएं उभर नहीं पा रही है। सैफउल्ला खान, जिला अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग का कहना है कि मैंने स्टेडियम का दो माह पहले ही निरीक्षण किया था। मैंने शासन को खेल मैदान की मरम्मत और सुधार कार्य के लिए पत्र लिखा है। जल्द ही खेल मैदान में सुधार कार्य कराया जाएगा।

## शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल खड़े

**पथरिया।** एक तरफ शासन शिक्षा का स्तर सुधारने के प्रयास किए जा रहे हैं उसके बाद भी व्यवस्था में सुधार नही हो पा रहा है इसके लिए आखिर कौन जिम्मेदार है अनुविभागीय मुख्यालय से एक किमी दूर नगर के वार्ड क्र.1 से सटे हुए लखरोनी ग्राम के छापर में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला जिसका जनशिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया जिसका डाइस कोड 23120200606 है इस विद्यालय में कुल छात्र संख्या 58 होने के बाद भी सिर्फ दो शिक्षिकाओं का स्टाफ है। जिनमे से अनिता जैन स्थानीय होने से निर्धारित समय 10.30 पर विद्यालय खुलवा कर संचालित करती है। विद्यालय में मात्र तीन कमरे हैं जिनमे से एक में विद्यालय का सामान और किचिन कार्यालय है। साथ ही छात्र संख्या 58 है। अब ऐसे में प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधानाध्यापिका अंजू अहिरवार जिनका मूल निवास सागर होने से अपडाउन करती है। और आना भी जिस दिन होता उनके अनुसार होता है। विद्यार्थियों के अविभावको ने शिकायत की लेकिन कुछ नही हुआ। मनमानी से विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित है। अब कैसे बच्चो का शिक्षा स्तर सुधरे। स्थानीय बच्चों के अनुसार बताया गया मैडम प्रतिदिन नहीं आती और आती हैं तो ट्रेन का समय होने से वापस चली जाती। ग्राम वासियों ने जिला कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार कराए। लेकिन सोचने वाली बात है कि विकासखण्ड कार्यालय से 1 किमी दूर के स्कूलों का ऐसा हाल है तो विकास खंड के अन्य स्कूलों में क्या हालात होंगे अधिकारी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहें हैं कि किस तरह से निरीक्षण हो रहें कि आसपास में क्या कुछ चल रहा है। कोई जानकारी नहीं है। वही विकासखण्ड समन्वय जितेन्द्र जैन का कहना है कि आपके द्वारा जानकारी प्राप्त हुई मैं स्वयं जाकर विद्यालय का निरीक्षण करूंगा। साथ ही कार्यवाही भी की जाएगी। वही इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.नेमा का कहना है कि कल ही दिखवाता हूं लापरवाही होती है तो कार्यवाही अनिवार्य रूप से की जाएगी।

## दांपत्य जीवन में अनुकूलता ही पृथ्वी का स्वर्ग



**नोहटा।** ग्राम नोहटा मे सिद्धेश्वर धाम परिसर में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक पं उमाशंकर शास्त्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। शास्त्री ने भागवत कथा के दौरान कर्दम देवहूति कपिल चरित्र, सती चरित्र, धुरव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि माता देवहुति ने अनेक कष्ट सहते हुए भी पति की सेवा की और उनकी पूजन ध्यान भक्ति में समर्पण भाव से सहयोग किया पति-पत्नी के जीवन में विचारों में समानता है तो जीवन स्वर्ग के समान है और पति-पत्नी में यदि आपसी मतभेद रहता है तो जीवन नर्क के समान होता । उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान प्राप्त करने व अपने जीवन को सार्थक करने का आह्वान किया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे। कथा में आचार्य पंडित उमेश दुबे प्रदीप शास्त्री ग्राम आचार्य गणेश दुबे एवं भाव सिंह लोधी कथा में सम्मिलित रहे।

## नल जल योजना का पानी पीने योग्य नही

**पथरिया।** नगर में दो वर्ष से मुख्यमंत्री पेयजल आपूर्ति योजना का बंद है ऐसे में पहले कुओं से पानी सप्लाई हो रहा था तो जल संकट होने लगा 15-15 दिन में सप्लाई हो रही थी लेकिन विगत दिनों क्षेत्रीय विधायक व मंत्री ने मोर्चा संभाला नदी में मोटर रखी गई तो सीधे पानी सप्लाई शुरू हो पर जो पानी घरों में पहुंच रहा है वह पीने योग्य नही है।

## जनसुनवाई में 89 आवेदन आये



**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल कलेक्ट्रेट परिसर में नवीन कक्ष में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जनसुनवाई में 89 आवेदन आये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित अन्य जिलाधिकारी सहभागिता निभाई।

## प्रभात फेरी की 24वीं वर्षगांठ मनाई



**पटेरा।** संक्रांति के शुभ अवसर पर नगर पटेरा में प्रभात फेरी का वार्षिक उत्सव मनाया गया नगर पटेरा मे प्रत्येक दिन प्रभात फ्री निकल जाती है। जो पटेरा के प्रमुख मंदिरों में जाकर सीताराम संकीर्तन करतें है। आज 24वीं बर्षगांठ के तथा श्री राम प्राणप्रतिष्ठा समारोह के संबंध में विशाल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में नगर के लोगों द्वारा अपने द्वार पर श्रीफल देकर स्वागत किया गया। श्री राम प्राणप्रतिष्ठा समारोह को जन उत्सव और व्यापक स्वरूप प्रदान कर प्रभात फेरी मे सेकड़ो लोंगो नें भाग लेकर भव्यता प्रदान करने का प्रयास किया। मुख्य रूप से प्रभात फेरी में संतोष ताम्रकार, उमेश ताम्रकार, राज ताम्रकार, चंद्र कुमार सोनी, भागीरथ ताम्रकार और प्रभात फेरी तेरी की अन्य सदस्यों ने यह कार्यक्रम संपन्न कराया।

## भजिया हवन यज्ञ और भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन



**बनवार।** भजिया ग्राम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा आज सम्पन्न हो गई कथा समापन के अवसर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन में आहुति डाली गई और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया जिसके वाद शाम के समय क्षेत्र के ग्वाल वालों का जलविहार यात्रा में लोककला संस्कृति का दिवारी नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। धार्मिक आयोजन के समापन अवसर पर संतोष अवस्थी, राजकुमार पटेल, फागुराम बाबा, महेश धनगर, बेड़ी धनगर, सचिव जागेश्वर राय, शिवम चौरसिया, लकी यादव, हिमांशु तिवारी समस्त ग्रामवासियों की उपस्तिथि रही।

## अवैध शराब की ब्रिकी बंद कराने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जनसुनवाई में पहुंचकर ग्राम ग्वारी के ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन दमोह कलेक्टर के नाम सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत हुए है जिससे कुछ व्यक्ति कुल 23 लोगों की मजदूरी का पैसा 15000 रूपये नहीं आए है तथा किश्ते पूरी आ गई है रिश्वत के तौर पर 23 लोगों से रिश्वत की राशि ली गई है सभी का इतना पैसा खाने के बाद भी मजदूरी का पैसा अब तक बांकि है मजूदरी का पैसा मांगने पर सहायक सचिव कमलेश पटैल कहते है कि तुम्हारी मजदूरी खाते में नहीं आयी तो हम क्या करें जबकि मजदूरी खातों में नहीं डाली गई। लाखो रूपया खाकर चार पांच बिल्डिंग बनवा ली है तथा आस्था भवन पर भी अपना कब्जा कर लिया है। इस प्रकार पूर ग्राम के साथ धोखाधड़ी करके पैसा लूटा है और ठीक से बात तक नही करता है ऐसे भ्रष्ट सचिव को तत्काल निलंबित किया जाएं तथा ग्राम के मजदूरो की राशि प्रदान कराई जाएं। सहायक सचिव कमलेश पटैल पर शीघ्र ही कार्यवाही की मांग की है। साथ ही बताया कि ग्राम में अवैध शराब की बिक्री बढ़ गई है जिस पर रोक लगाई जाएं ताकि गावं का वातारण शांति पूर्ण बना रहें एवं गावं में ज्यादा गाली गलौची एवं विवाद जैसी स्थिति निर्मित न हो आदि मांगों को लेकर ग्रामवासियों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने वालो में ग्रामवासी रामचरन चौधरी, बलीराम लोधी, खुमान लोधी, हेमराज रजक, विजय रजक, प्रभु रजक, धीर सींग, अर्जुन, निरपत, मन्नू पटैल, डालचंद, सरमन पटैल, भोला बसंल, कल्लन बंसल, निरपत अहिरवार, अन्नू बसंल, छोले लाल अहिरवार, रामा पटेल, हल्ले विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने ज्ञापन सौपा एवं जल्द से जल्द भ्रष्ट सचिव पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर मांग की।